तापमान
अधिकतम 42.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 29 मई 2026

10 उत्पादकों ने बनाई 'राधा श्याम दुग्ध उत्पादन ...

10 विधायक उसेंडी ने बम्हनी में आयुष्मान आरोग्य ...


बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

# महिला कांग्रेस की पूर्व जिलाध्यक्ष कमल झज्ज समेत 14 कांग्रेसियों ने थामा भाजपा का दामन

## प्रदेश अध्यक्ष ने भगवा गमछा पहनाकर किया स्वागत, उपचुनाव के दौरान कांग्रेस को लगा झटका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

इंदिरा वार्ड में हो रहे उपचुनाव के बीच गुरुवार को कांग्रेस की पूर्व महिला जिला अध्यक्ष कमल झज्ज ने 14 महिला कार्यकर्ताओं के साथ भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया। प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के समक्ष जिला कार्यालय में सभी ने भाजपा में प्रवेश किया व सदस्यता ग्रहण की। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष री देव ने सभी का भगवा गमछा पहना कर पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी राष्ट्र की सेवा के लिये समर्पित है। पार्टी के राष्ट्रवादी विचार से जुड़ कर कांग्रेस छोड़ भाजपा में प्रवेश किया है। जो भाजपा संगठन को सशक्त बनाने कार्य करेंगे।जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय व महापौर संजय पाण्डेय ने कांग्रेसी कार्यकतार्ओं का भाजपा में स्वागत किया। इनमें पूर्व एल्डरमेन अम्मा जी राव, पूनम यादव, मंजू कश्यप, वसुंधरा आचार्य, रिंकी शर्मा, अनुसुइया शर्मा, भाग्यश्री महाजन, रजनी शर्मा, कला नेताम, सरस्वती बघेल, सोना शर्मा, सागर साहू व कान्ता जैन शामिल हैं।

अलग खबर




### ये रहे उपस्थित

इस दौरान रजनीश पाणिग्रही, परीस बेसरा, सफीरा साहू, आलोक अवस्थी, प्रकाश झा, अविनाश श्रीवास्तव, शशिनाथ पाठक,अतुल सिम्हा, संजय चंद्राकर, ममता राणा, आशा साहू, ब्रिजेश शर्मा, रिंकू पाण्डेय, श्रीपाल जैन, अभिलाष यादव, अभिषेक तिवारी, अमित कपूर, आशुतोष आचार्य, आदर्श ठाकुर ब्रिजेश कपूर, रमेश नायडू, उदय दुबे, शरद श्रीवास्तव, अच्युत सामंत, मनी विक्रम नायडू, रोहन घोष, योगेश पाणिग्रही, उत्तम साहू सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### मेधावी छात्र- छात्राओं का सेन नाई समाज करेगा सम्मान



जगदलपुर। सर्व सेन नाई समाज के सामाजिक भवन में हुई बैठक में संभाग स्तर पर आयोजित सेन जयंती तथा सामाजिक पदाधिकारियों के चुनाव में खर्च का ब्यौरा दिया गया। साथ ही आगामी छह माह की कार्ययोजना पर विचार मंथन हुआ। जिसमें मेधावी छात्र छात्राओं को पुरस्कार देने की योजना पर आय व्यय आदि सुनिश्चित किया गया। बैठक में जिला अध्यक्ष सी एल भारद्वाज, उपाध्यक्ष पवन श्रीवास, सचिव विन्देश श्रीवास, कोषाध्यक्ष जितेंद्र ठाकुर के अलावा समाज के अन्य लोग उपस्थित रहे। बैठक संभाग अध्यक्ष रामेश्वर श्रीवास के आदेशानुसार आयोजित रहा।

### डीएलएड की प्रवेश परीक्षा होगी 4 जून को

जगदलपुर। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल आगामी 4 जून को डीएलएड प्रवेश परीक्षा का आयोजन करेगा। जगदलपुर के 12 परीक्षा केंद्र में 3,891 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा सुबह 10 से दोपहर 12:15 बजे तक ▶▶| शेष पेज 10 पर

## मौसम : कई इलाकों में पेड़ और डंगाल गिरने से वाहनों को नुकसान

# नवतपा के चौथे दिन हुई झमाझम बारिश तेज हवा, अंधड़ के साथ ओले भी गिरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- नगर निगम के प्री-मानसून सफाई के दावों की उड़ी धज्जियां

नवतपा के चौथे दिन गुरुवार को दोपहर लगभग 3 बजे अचानक मौसम ने करवट ली और आसमान में घने काले बादल छा गए। इसके तुरंत बाद तेज हवा के साथ कड़कड़ाती गरज-चमक और हल्की ओलावृष्टि के साथ करीब घंटे भर तक झमाझम बारिश हुई। इस अचानक हुई बारिश से तापमान में भारी गिरावट आई, जिससे लोगों को नवतपा के बीच भीषण गर्मी से राहत मिली। हालांकि इस पहली ही तेज बारिश ने नगर निगम के प्री-मानसून सफाई के दावों की धज्जियां उड़ा दीं। शहर के प्रमुख व्यावसायिक और व्यस्ततम क्षेत्रों धरमपुरा रोड, मिताली चौक, संजय बाजार और शहीद पार्क सहित कई मुख्य सड़कों पर भारी पानी जमा हो गया। सबसे गंभीर स्थिति धरमपुरा मार्ग पर ▶▶| शेष पेज 10 पर




### ड्रेनेज व्यवस्था की खुली पोल

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि महज एक घंटे की बारिश और हल्की ओलावृष्टि ने पूरे शहर की ड्रेनेज व्यवस्था की पोल खोल दी है। यदि मानसून के आगमन से पहले इन मुख्य मार्गों और चौराहों की नालियों को दुरुस्त नहीं किया गया, तो आने वाले दिनों में शहर का जनजीवन पूरी तरह ठप हो सकता है।

### 48 घंटे तक मौसम का मिजाज ऐसा ही रहेगा



मौसम विभाग ने चेतावनी में कहा है कि अगले 48 घंटों तक जगदलपुर और बस्तर संभाग के कुछ हिस्सों में मौसम का मिजाज ऐसा ही बना रहेगा। आंशिक रूप से बादल छाए रहने, धूल भरी आंधी चलने और गरज-चमक के साथ फिर से हल्की से मध्यम बौछारें पड़ने की संभावना जताई गई है।




### बारिश व तेज हवाओं से 5 पेड़ लाइन पर गिरे, दोपहर से बंद रही बिजली

जगदलपुर। बारिश और तेज हवाओं के कारण एक साथ 5 पेड़ों के गिरने से बिजली की लाइन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है, जिससे पूरे इलाके में शाम से बिजली गुल है। गुरुवार की दोपहर लगभग 3 बजे से बारिश एवं तेज हवाओं के चलते संभागीय मुख्यालय में विद्युत आपूर्ति की रफ्तार पर ब्रेक लगा दिया। तेज हवा के कारण विद्युत कालोनी स्थित 132 कार्यालय के पास, सनसिटी कालोनी के गेट, धरमपुरा, बस स्टैंड के पास, अवंतिका कालोनी, कब्रिस्तान के निकट लगभग 5 स्थानों में पेड़ गिरने से विद्युत तार टूट गये, जिससे बिजली आपूर्ति पूरी तरह प्रभावित हो रही। शहर में कई इलाकों में अंधेरा पसरा रहा और लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। शाम को बारिश थमने के बाद सहायक अभियंता विकास कुंजाम, एसआर भद्रे, कनिष्ठ अभियंता डीसी मांझी, ▶▶| शेष पेज 10 पर

# मंडिया पेज, आमट, तिखुर शरबत और उड़द दाल बोबो मिल रहा सुशासन शिविर में



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- महिला समूह को शिविर में हो रही अच्छी आमदनी

जिले में सुशासन तिहार के तहत आयोजित शिविर केवल जनसमस्याओं के समाधान और योजनाओं की जानकारी का माध्यम ही नहीं बन रहे हैं, बल्कि ग्रामीण महिलाओं के लिए स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता का सशक्त मंच भी साबित हो रहे हैं। बस्तर की पारंपरिक संस्कृति और खानपान को नई पहचान दिलाने में नारी शक्ति महिला समूह बस्तर अहम भूमिका निभा रही है। जिले के विकासखंड बस्तर के अंतर्गत आयोजित सुशासन तिहार शिविरों में पहुंचने वाले ग्रामीणों, अधिकारियों और कर्मचारियों को यह महिला समूह बस्तर के पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद चखने का अवसर मुहैया करवा रही है। समूह द्वारा रियायती दर पर चाय-नाश्ते के साथ मड़यिा पेज, आमट, तिखुर शरबत, उड़द दाल बोबो जैसे स्थानीय व्यंजन उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिन्हें लोग काफी पसंद कर रहे हैं।

ब्लाक बस्तर के नारी शक्ति महिला समूह की अध्यक्ष रेवती नेताम ने बताया कि सुशासन तिहार के शिविरों में अच्छी बिक्री हो रही है। हर शिविर में समूह का 7 से 8 हजार रुपए से अधिक का विक्रय हो रहा है जिससे समूह की महिलाओं के ▶▶| शेष पेज 10 पर

# महिला बंदियों को सावधानी बरतने दिए महत्वपूर्ण टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- सेंट्रल जेल में मनाया गया स्वच्छता दिवस
- भारत स्काउट्स एवं गाइड्स बस्तर तथा यूनिसेफ की पहल

मासिक धर्म को लेकर समाज में व्याप्त झिझक को दूर करने और महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशीलता जगाने के उद्देश्य से कार्यक्रम आ यो जि त किया गया। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स बस्तर तथा यूनिसेफ के सं यु क्त तत्वावधान में 28 मई को सेन्ट्रल जेल में पीरियड पर खुलकर थीम के साथ मासिक धर्म स्वच्छता दिवस मनाया गया। यह विशेष कार्यक्रम जेल में सजा काट रही लगभग 150 महिला कैदियों के बीच आयोजित किया गया। जिसमें जेल प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों और स्टाफ सहित स्काउट्स एवं गाइड्स के जिला संगठन आयुक्त दसरू राम यादव, जिला ▶▶| शेष पेज 10 पर



### मासिक धर्म पर खुलकर बात

10 से 15 महिलाओं ने साहस दिखाते हुए पहली बार पीरियड आने के दौरान होने वाली शारीरिक दिक्कतों और विभिन्न सामाजिक-पारिवारिक चुनौतियों के बारे में बातचीत की। इस प्रेरक संवाद ने उपस्थित लोग प्रभावित हुए। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में फैली भ्रांतियों को तोड़ना और इस बात को स्थापित करना कि मासिक धर्म से केवल महिलाएं ही प्रभावित नहीं होतीं, बल्कि इसमें पुरुष वर्ग की जागरूकता भी उतनी ही आवश्यक है।

# गोदाम में था ठेकेदार का तेंदूपत्ता !

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- सरगीपाल गोदाम में आगजनी से 25 लाख से अधिक का तेंदूपत्ता जलकर खाक

हरिभूमि फॉलोअप

जिले के सरगीपाल स्थित वन विभाग के गोदाम में आग लगने से 25 लाख रूपए से अधिक का लगभग 13 सौ मानक बोरा तेंदूपत्ता जलकर खाक हो गया। वन विभाग से मिली जानकारी के मु ता बि क ल ग भ ग छह माह पू र्व आगजनी में स्वाहा हुआ तें दू प ता राजनांदगांव के ठेकेदार को बिक्री किया गया था, जिसे उसने उठाया नहीं था और विभाग के गोदाम को रेंट पर लिया था। गौरतलब है कि बुधवार दोपहर लगभग ढाई बजे वन विभाग के सरगीपाल स्थित गोदाम में आग लग गई थी जिसके बाद फायरब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया गया लेकिन आग बुझाने तक 25 लाख रूपए से अधिक का तेंदूपत्ता जलकर खाक हो चुका था। आग बुझने के बाद विभाग की जांच में इस बात का खुलासा हुआ कि आगजनी में लगभग 13 सौ बोरा तेंदूपत्ता जलकर खाक हो गया। तेंदूपत्ता ▶▶| शेष पेज 10 पर

## तेंदूपता आगजनी में नया खुलासा



### नुकसान की करेगी भरपाई

सरगीपाल गोदाम में रखे तेंदूपत्ता का पूर्व से ही बीमा कराया गया था। अब इंश्योरेंस कम्पनी आगजनी में हुए नुकसान का आंकलन कर भरपाई करेगी। ठेकेदार गोदाम का किराए देकर प्रति बोरा किराया देकर निर्धारित समय तक तेंदूपता रख सकता है।

**गुलशन कुमार साहू**
उप प्रबंध संचालक तेंदूपता, सरगीपाल

# अवैध उत्खनन से शासन को करोड़ों का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

- संगठित होकर तस्कर काम को दे रहे अंजाम
- वन और राजस्व विभाग बेखबर

बैलाडीला की पहाड़ियों से लौह अयस्क तस्करी का मामला सामने आने के बाद रोज नए-नए खुलासे हो रहे हैं। तस्करों ने अवैध खनन और परिवहन का नया नेटवर्क तैयार कर लिया है, जिसके जरिए उच्च गुणवत्ता वाला लौह अयस्क सीधे महाराष्ट्र भेजा जा रहा है। सूत्रों के अनुसार इस अवैध कारोबार में जगदलपुर-बचेली नेटवर्क सक्रिय है और चोरी के अयस्क का सौदा करीब 6000 ▶▶| शेष पेज 10 पर



### करोड़ों के अवैध कारोबार की आशंका

बताया जा रहा है कि बैलाडीला क्षेत्र का हाई क्वालिटी लौह अयस्क बाजार में काफी महंगा बिकता है। यही वजह है कि तस्कर संगठित गिरोह बनाकर इस खेल को अंजाम दे रहे हैं। सूत्रों का दावा है कि हर सप्ताह सैकड़ों टन अयस्क बाहर भेजा जा रहा है, जिससे शासन को करोड़ों रुपए के राजस्व का नुकसान हो सकता है।

## ईदगाह में नमाज के बाद सदर ने पेश की मुबारकबाद

# अल्लाह की रजा में खुद को कुर्बान करने का दिन ईद-उल-अजहा : जहीरुद्दीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

ईद- उल -अजहा के मुबारक मौके पर अंजुमन इस्लामिया कमेटी के सदर शेख जहीरूद्दीन ने कहा कि यह सिर्फ खुशी का दिन नहीं, बल्कि कुर्बानी, सब्र, मोहब्बत और अल्लाह की रजा में खुद को कुर्बान कर देने का पैगाम देने वाला दिन है। सदर ने ईदगाह मैदान में नमाज अदा करने के पूर्व संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हजरत इब्राहीम अलैहिस्सलाम और हजरत इस्माईल अलैहिस्सलाम की अजीज कुबार्नी हमें यह सबक देती है कि जब इंसान का ईमान सच्चा हो तो वह अल्लाह की राह में हर चीज कुर्बान करने का हौसला रखता है। नमाज के बाद हम अल्लाह तआला की रजा के लिए कुर्बानी अदा करेंगे।

सदर ने कहा कि इस मुबारक महीने के सदके हमारे दिलों में मोहब्बत पैदा फरमाए, हमारे शहर, हमारे समाज और हमारी कौम में अमन व भाईचारा कायम फरमाए। सदर का कहना है कि समाज की अमानत की हिफाजत करना हमारी जिम्मदारी है। हमें सिर्फ आज की नहीं, आने वाली नस्लों की भी फिक्र करनी है। हम सब मिलकर अपने समाज को बेहतर, मजबूत और शिक्षित बनाने का संकल्प लें।



### कब्जे की संपत्तियों को कराया खाली

जहीरूद्दीन ने कहा कि हमने विकास की दिशा में कदम बढ़ाते हुए संगम दरगाह रोड के लिए 86 लाख रुपये की स्वीकृति दिलाई। सालों से जो संपत्तियां कब्जे में थीं, उन्हें प्रशासन के सहयोग से खाली कराया। क्योंकि ये संपत्ति पूरी जमात की अमानत है।

### आम जमात का मिल रहा सहयोग

सदर ने कहा आम जमात का पूरा सहयोग कमेटी को मिल रहा हैं। जिसके लिए कमेटी आम जमात का शुक्रिया अदा करती है। कमेटी आम जमात से उम्मीद और गुजारिश करती है कि आगे भी आम जमात का सहयोग कमेटी को मिलता रहेगा बचे हुए कार्यों को आप लोगो की दुआओं से पूरा किया जाएगा। अंजुमन उर्दू, हिन्दी स्कूल में शिक्षा की गुणवत्ता को सुधार करने का प्रयास किया जा रहा है।

### इंतजाम के लिए किया शुक्रिया अदा

सदर ने जमात, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, ट्रैफिक पुलिस और नगर निगम का माकूल इंतजाम के लिए शुक्रिया अदा किया है। इस मौके पर बड़ी संख्या में पहुंचे मुस्लिमों ने नमाज अता की और एक दूसरे को बकरीद की मुबारकबाद दी।



## खबर संक्षेप

### एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स आदि पर कार्यशाला एक को

**जगदलपुर**। शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में एक जून को सुबह 10 बजे से अकादमिक भवन में एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग व कॉमिक्स एविजीसी को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन रखा गया है। इसमें भारत सरकार के उद्योग और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की संयुक्त सचिव श्रुति सिंह एवं इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ क्रिएटिव टेक्नोलॉजी (आईआईसीटी), मुंबई के एक्सपर्ट उपस्थित रहेंगे। इस दौरान आईआईसीटी के एक्सपर्ट एविजीसी लैब एवं संबंधित तकनीकी और व्यावसायिक पहलुओं पर प्रतिभागियों के साथ परिचर्चा करेंगे। केंद्र सरकार द्वारा भारत को एविजीसी का एक ग्लोबल हब बनाने की दिशा में प्रयास किया जा रहा है। इसमें बस्तर संभाग के युवाओं को भी अवसर देने के उद्देश्य से यह कार्यशाला रखी गई है, ताकि यहां के युवा भी एविजीसी के क्षेत्र में विश्वस्तरीय टेलेंट में अपना स्थान बना सकें। ऐसे टेलेंट जो भारत और विश्व मनोरंजन उद्योगों की जरूरतों पूरा करने में अपना योगदान दे सकें।

### फरसगांव में भाईचारे के साथ मना ईद-उल-अजहा का पर्व



**फरसगांव**। नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में गुरुवार को ईद-उल-अजहा बकरीद का पर्व धार्मिक आस्था, उत्साह और भाईचारे के माहौल में मनाया गया। सुबह से ही मस्जिदों और ईदगाहों में नमाज अदा करने मुस्लिम समाज के लोगों की भीड़ उमड़ी। लोगों ने विशेष नमाज अदा कर देश में अमन-चैन, तरक्की और खुशहाली की दुआ मांगी। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। पूरे क्षेत्र में सौहार्दपूर्ण और शांतिपूर्ण माहौल देखने को मिला। पर्व को लेकर बच्चों और युवाओं में भी खास उत्साह नजर आया। वहीं प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, जिससे त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

### तुलसी मानस प्रतिष्ठान के सदस्य हुए शामिल

**केशकाल**। तुलसी मानस प्रतिष्ठान के जिला पदाधिकारी पाटेश्वरधाम में आयोजित मानस संगोष्ठी में शामिल हुए। उल्लेखनीय की कौशल्या धाम जामड़ी पाटेश्वर में पुरुषोत्तम धाम के अंतर्गत एक माह तक प्रतिदिन आयोजित धार्मिक,सामाजिक, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक, एवं विशिष्ट कार्यक्रमों की श्रृंखला में 26 मई को श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान छत्तीसगढ़ द्वारा प्रदेश स्तरीय मानस सम्मेलन एवं मानस सगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे श्री राम बालक दास महत्यागी एवं अध्यक्षता तुलसी मानस प्रतिष्ठान के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश देशमुख ने की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जगदीश देशमुख ने कहा कि ब्रम्ह भी अवतार लेने के लिए श्रेष्ठ गर्भ कि तलाश करते है। भगवान राम भी अवतार लेने के लिए श्रेष्ठ गर्भ कि तलाश कि लेकिन पूरे ब्रह्मांड में उन्हें धारण करने के लिए गर्भ नहीं मिला।

# उत्पादकों ने बनाई 'राधा श्याम दुग्ध उत्पादन समिति', दूध पहुंचा 70 रुपए लीटर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

चारा, भूसा, दवाइयों और मजदूरी सहित पशुपालन में लगातार बढ़ रही लागत को देखते हुए कोंडागांव के दुग्ध उत्पादकों ने एकजुट होकर "राधा श्याम दुग्ध उत्पादन समिति" का गठन किया है। गुरुवार को स्थानीय राधा कृष्ण मंदिर में आयोजित बैठक में पशुपालकों ने वर्तमान परिस्थितियों पर गंभीर चर्चा करते हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अब कोंडागांव क्षेत्र में दूध का विक्रय मूल्य 70 रुपये प्रति लीटर होगा। पशुपालकों ने कहा कि पशुपालन से जुड़ी लागत लगातार बढ़ती जा रही है, जिससे पुराने दरों पर दूध विक्रय करना आर्थिक रूप से संभव नहीं रह गया है। उन्होंने बताया कि पशुओं के चारे, भूसे, दवाइयों और श्रमिक खर्च में लगातार वृद्धि होने से दुग्ध व्यवसाय प्रभावित हो रहा है। बैठक के दौरान दुग्ध उत्पादकों ने संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से "राधा श्याम दुग्ध उत्पादन समिति" का गठन किया। समिति के पदाधिकारियों का चयन भी सर्वसम्मति से किया गया। राकेश दास मानिकपुरी को कार्यकारी अध्यक्ष, तीरथ दीवान को उपाध्यक्ष, मोहित पांडे को सचिव, नियुक्त किया गया। हर महीने होगी नियमित बैठक – समिति ने निर्णय लिया कि प्रत्येक माह की 10 तारीख को नियमित बैठक आयोजित की जाएगी। इसमें सभी पशुपालकों की उपस्थिति अनिवार्य रहेगी ताकि दुग्ध उत्पादन, पशुपालन और बाजार से जुड़े मुद्दों पर सामूहिक रूप से चर्चा की जा सके।

## पशुपालकों ने मिलावट रोकने और योजनाओं का लाभ दिलाने पर भी की चर्चा

### दूध में मिलावट रोकने पर रहेगा विशेष फोकस

बैठक में शहर में दूध में हो रही मिलावट को लेकर भी चिंता व्यक्त की गई। पशुपालकों ने मिलावट करने वालों के खिलाफ सख्त निगरानी और कार्रवाई की मांग की। साथ ही पशुओं के स्वास्थ्य, टीकाकरण और हरे–सूखे चारे की समुचित व्यवस्था को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई। पशुपालकों ने आरोप लगाया कि पशुपालन विभाग की कई योजनाओं का लाभ वास्तविक हितग्राहियों तक जमीनी स्तर पर नहीं पहुंच पा रहा है। बैठक में मांग की गई कि सरकार पशुपालकों के हित में योजनाओं का पारदर्शी क्रियान्वयन सुनिश्चित करे।



### ये रहे उपस्थित

बैठक में उपेंद्र यादव, योगेश देवांगन, जगदेव मरकाम, नरेंद्र नेताम, राकेश दास मानिकपुरी, नरेंद्र देवांगन, विजय नेताम, बलराम देवांगन, तीरथ दीवान, खेमेश्वर देवांगन, जितेंद्र चक्रधारी, लच्छन दीवान, सतेन्द्र नेताम, लक्षित नेताम, सत्यानंद यादव, दानु देवांगन, मोहित पांडे, सुकालुदास मानिकपुरी और बिहड़ सिंह सहित बड़ी संख्या में पशुपालक उपस्थित रहे।

## ग्रामीणों को मिलेंगी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं

# विधायक उसेंडी ने बम्हनी में आयुष्मान आरोग्य मंदिर भवन का किया लोकार्पण






हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक सुश्री लता उसेंडी ने ग्राम बम्हनी में 16 लाख 36 हजार रुपए की लागत से निर्मित आयुष्मान आरोग्य आयुष मंदिर भवन का लोकार्पण किया।

लोकार्पण अवसर पर विधायक लता उसेंडीने कहा कि राज्य शासन ग्रामीण क्षेत्रें में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार और सु–ढ़ीकरण के लिए लगातार कार्य कर रहा है।

**आयुर्वेद आधारित उपचार की मिलेगी सुविधा** – उन्होंने बताया कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर के माध्यम से ग्रामीणों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं के साथ आयुर्वेद आधारित उपचार एवं परामर्श की सुविधा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होगी। विधायक ने कहा कि आयुष पद्धति हमारी पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो प्राकृतिक और सुरक्षित उपचार पद्धति के रूप में लोगों के बीच लोकप्रिय है। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में आयुष सेवाओं को बढ़ावा देकर आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है।

**जनप्रतिनिधि और ग्रामीण रहे उपस्थित** – कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रामदई नाग, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष टोमेंद्र ठाकुर, सरपंच श्रीमती कविता पोयाम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### ग्राम संबलपुर में रंगमंच निर्माण का भूमिपूजन

*__कोण्डागांव__। बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक सुश्री लता उसेंडी ने ग्राम संबलपुर में रंगमंच भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। परदेशीन माता मंदिर परिसर के पास 5 लाख रुपए की लागत से रंगमंच भवन का निर्माण कराया जाएगा। भूमिपूजन अवसर पर विधायक ने कहा कि रंगमंच निर्माण से गांव में धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि राज्य शासन गांवों के समग्र विकास एवं ग्रामीण क्षेत्रें में अधोसंरचना विकास के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रामदई नाग, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष टोमेंद्र ठाकुर, प्रेमसिंह नाग, टुरेश्वर पटेल, गायता पुजारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।*

# 300 क्विंटल मक्का से भरा ट्रक पकड़ा, ओडिशा के व्यापारी पर मंडी विभाग की कार्रवाई




हरिभूमि न्यूज ▸▸| फरसगांव

कोंडागांव जिले के माकड़ी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोकोडी में मंडी विभाग ने बुधवार को अवैध मक्का कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग 300 क्विंटल मक्का से भरे ट्रक को पकड़ा है। मुखबिर से मिली सूचना पर मंडी सचिव विनोद कोडोपी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और वाहन की जांच की। जांच के दौरान व्यापारी के पास मक्का खरीदी एवं परिवहन से संबंधित कोई वैध दस्तावेज, लाइसेंस या पंजीयन नहीं मिला। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया कि ओडिशा का व्यापारी किसानों को खाद और बीज उपलब्ध कराकर क्षेत्र से मक्का खरीद रहा था। मक्का को ओडिशा ले जाने की तैयारी में था। मंडी विभाग ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मक्के की अनुमानित कीमत के आधार पर पांच गुना मंडी शुल्क वसूली की कार्रवाई की है। पकड़ा गया व्यापारी उड़ीसा के उमरकोट निवासी श्रीवास बोराई बताया गया है।

- बिना दस्तावेज हो रहा था परिवहन, पांच गुना मंडी शुल्क वसूली की कार्रवाई

### अवैध कारोबार में कार्रवाई जारी रहेगी

अधिकारियों के अनुसार व्यापारी ने 2 से 3 दिनों के भीतर निर्धारित राशि जमा करने का आश्वासन दिया है, जिसके बाद ट्रक और मक्का को सुपुर्दगी में सौंप दिया गया। मंडी विभाग की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध कृषि उपज कारोबार करने वाले व्यापारियों में हड़कंप मच गया है। मंडी अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि बिना वैध दस्तावेज कृषि उपज के परिवहन और कारोबार करने वालों के खिलाफ आगे भी लगातार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# ग्रामीणों को कानूनी अधिकारों, साइबर अपराध से बचाव संबंधी दी जानकारी

**कोण्डागांव**। ग्राम पंचायत हसलनार में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों को विभिन्न कानूनी अधिकारों और शासकीय योजनाओं की जानकारी दी गई। शिविर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के अध्यक्ष खिलावन राम रिगरी ने ग्रामीणों को निःशुल्क विधिक सहायता और न्याय संबंधी अधिकारों के बारे में बताया। कार्यक्रम में महिला अधिकार, बाल संरक्षण कानून, घरेलू हिंसा से संरक्षण, साइबर अपराध से बचाव, श्रम कानून तथा लोक अदालत के माध्यम से त्वरित न्याय की जानकारी दी गई। जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश सुश्री प्रतिभा मरकाम ने बच्चों को लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम पॉक्सो एवं मोटर दुर्घटना दावा अधिनियम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुश्री गायत्री साय ने बताया कि किसी भी कानूनी समस्या की स्थिति में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से निःशुल्क सहायता प्राप्त की जा सकती है।

**नशामुक्ति और बाल विवाह निषेध पर भी कार्यक्रम** – शिविर में उपस्थित लोगों को नशामुक्ति, बाल विवाह निषेध अधिनियम, शिक्षा का अधिकार तथा संविधान प्रदत्त मौलिक अधिकार एवं कर्तव्यों के संबंध में भी जागरूक किया गया। कार्यक्रम में थाना प्रभारी मर्दापाल सुशील पटेल, अधिकार मित्र सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# फल दुकानों में खाद्य विभाग टीम का छापा



**जगदलपुर**। विशेष जांच अभियान के तहत फलों के थोक तथा फुटकर विक्रेताओं की दुकानों का अफसरों ने निरीक्षण किया । संजय मार्केट के आर के फ्रुट सप्लायर, सन्नी बघेल फल दुकान, केशव फ्रूट एंड कंपनी, कुरशों राम मौर्य तथा संजय फल दुकान का निरीक्षण किया गया। आर के फ्रूट सप्लायर से 10 दर्जन केला व 2 कि.ग्रा. आम नष्ट कराया गया। 28 मई को शहर के लालबाग चर्च के सामने के फल दुकान राकेश चंद्र गुप्ता, नीरज कुमार गुप्ता एवं सुमित रॉय, राजू चाय नास्ता व फल दुकान आड़ावाल, संजय मार्केट के दंतेश्वरी फ्रुट्स , शारदा फुरट्स, आर के जी फ्रुट्स तथा श्री बालाजी फ्रुट सप्लायर का निरीक्षण किया गया। राकेश चंद्र गुप्ता फल दुकान से 2 किलोग्राम आम, सुमित रॉय फल दुकान से 1 किलोग्राम आम, राजू चाय नास्ता व फल दुकान से 3 कि.ग्रा. संतरा, 2 कि.ग्रा. आम व लगभग 2 दर्जन केला, दंतेश्वरी फ्रुट्स से 20 कि.ग्रा. आम तथा 20 दर्जन केले नष्ट कराया गया। नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन के निर्देशानुसार एवं अभिहित अधिकारी खाद्य एवं औषधि प्रशासन बस्तर के मार्गदर्शन में कार्रवाई हुई।

***लायसेंस बनाना जरूरी**:- परिसर में स्वच्छता बनाये रखने, खाद्य शारदा फ्रुट्स पंजीयन, लायसेंस डिस्प्ले करने तथा खाद्य पंजीयन, लायसेंस बनाने के निर्देश दिए गए।*

## दलपतसागर, लालबाग व बोधघाट क्षेत्र में गिरे पेड़ों, होर्डिंग्स व डंगालों को हटाया

# जवानों ने बारिश के बीच बहाया पसीना, पेड़ों और डंगालों को हटाकर मार्ग किया बहाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर



गुरुवार दोपहर से लगातार हो रही बारिश व आंधी तूफान के चलते शहर के कई इलाकों के पेड़, डगाल व होर्डिंग्स गिरने से आवागमन बाधित हो गया था। इससे किसी प्रकार की दुर्घटना ना हो इसके लिए यातायात अमले व जवानों ने अंधेरा होने से पहले बाधित मार्गों में गिरे पेड़ों, डगालों व होर्डिंग्स को हटाकर आवागमन बहाल किया।

जानकारी के मुताबिक शहर में तेज आंधी तूफान व बारिश के कारण सड़क पर गिरे पेड़ व शाखाओं के अलावा होर्डिंग को पुलिस, नगर निगम के संयुक्त टीम द्वारा तत्काल हटाया गया। तेज बारिश और आंधी के कारण शहर के कई हिस्सों में पेड़ और होर्डिंग सड़क पर गिरने से रोड बाधित हो गया था जिसके कारण सड़क दुर्घटना की संभावना बन रही थी।

इसे देखते हुए एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी महेश्वर नाग द्वारा तत्काल पुलिस कंट्रोल रूम, यातायात जगदलपुर एवं शहर के तीनों थाना को अलर्ट कर शाम अंधेरा होने से पहले सड़क पर टूट कर गिरे पेड़ के शाखाओं एवं होर्डिंग को हटाने निर्देशित किया गया था। लगातार हो रही बारिश के बावजूद यातायात व पुलिस जवानों की संयुक्त टीम द्वारा नगर निगम व बिजली विभाग के मदद से विभिन्न मार्गों पर गिरे पेड़ और होर्डिंग्स को हटाया गया और मार्ग को साफ कर आवागमन को चालू कराया गया।

### इन मार्गों को किया बहाल, पेट्रोलिंग जारी

ट्रेफिक डीएसपी संतोष जैन ने बताया कि यातायात अमले के साथ कोतवाली, बोधघाट व परपा थाने की टीम द्वारा निगम व बिजली विभाग की मदद से देर शाम तक यातायात बहाल करने प्रयास किया जा रहा है। दलपत सागर मार्ग, आईजी बंगला, लालबाग, बोधघाट व गीदम रोड में गिरे कई पेड़ों व डगालों को हटाकर मार्ग बहाल किया गया है। एसपी के निर्देश पर तीनों थानों व यातायात अमले को अलर्ट पर रहने निर्देशित किया गया है जिसके बाद से ही व्यस्तम मार्गों में लगातार पेट्रोलिंग की जा रही है।

## पेज 9 के शेष

### नवतपा के चौथे दिन...

बिनाका मॉल के सामने देखने को मिली, जहां आने-जाने वाली दोनों मुख्य सड़कों पर घुटनों तक जलभराव हो गया। इसके अलावा संजय बाजार में पानी भरने से खरीददारों और दुकानदारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। मिताली चौक और शहीद पार्क के पास भी नालियों के चोक होने के कारण बारिश का पानी सड़कों पर उफन पड़ा। इस जलभराव की वजह से कई दोपहिया वाहनों के इंजन में पानी घुस गया और वे बीच सड़क पर ही बंद हो गईं। लोग इस खराब मौसम और जमा पानी के बीच अपनी गाड़ियों को धक्का मारते दिखे।

**मुख्य चौराहों पर पानी का जमाव**:- संजय बाजार से लेकर शहीद पार्क और मिताली चौक तक दोपहर की बारिश के बाद ट्रैफिक रेंगता नजर आया। स्थानीय व्यापारियों का आरोप है कि नगर निगम हर साल कागजों पर तो मुस्तैद सफाई दिखाता है लेकिन जमीन पर पहली ही बारिश में शहर डूब जाता है। बाजार और पार्क जैसे सार्वजनिक स्थलों पर जलभराव होने से राहगीरों का पैदल चलना दूभर हो गया है। नागरिकों ने निगम प्रशासन से इन सभी ब्लैक-स्पॉट्स की तुरंत सफाई कराने की मांग की है।

### बारिश व तेज हवाओं...

चिराग साहू, बीएस उरांव के नेतृत्व में 20 से अधिक विद्युत कर्मचारी बंद बिजली को बहाल करने में रात तक जुटे रहे। विद्युत कंपनी जगदलपुर शहरीय संभाग के कार्यपालन अभियंता सुदीप खेस ने बताया कि गुरूवार की दोपहर बारिश के साथ तेज हवाओं में कहीं पेड़ गिरने एवं पेड़ की टहनी गिरने से बिजली आपूर्ति प्रभावित रही। रात में शहर की बंद बिजली बहाल हुई।

### मंडिया पेज, आमट, तिखुर...

आय में बढ़ोतरी हुई है। सचिव पारो बघेल ने बताया कि बस्तर के पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद ग्रामीणों के साथ-साथ शिविर में पहुंचे अधिकारी-कर्मचारी भी चाव से ले रहे हैं। लोग इन व्यंजनों की सराहना कर रहे हैं और इससे स्थानीय खानपान संस्कृति को बढ़ावा मिल रहा है। समूह की भागबत्ती भद्रे एवं अन्य सदस्यों का कहना है कि सुशासन तिहार ने उन्हें अपनी कला और पारंपरिक खानपान को प्रदर्शित करने का अवसर दिया है। इससे न केवल आर्थिक लाभ मिल रहा है, बल्कि बस्तर की पारंपरिक खाद्य संस्कृति को भी नई पहचान मिल रही है। शिविर में पहुंचने वाले ग्रामीणों और स्थानीय मैदानी अमले का मानना है कि इस तरह के प्रयास स्थानीय उत्पादों और पारंपरिक व्यंजनों को प्रोत्साहित करने के साथ महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

### महिला बंदियों को...

प्रशिक्षण आयुक्त जेपी पाठक, जिला सचिव लिलेश कुमार देवांगन एवं गाइड कैप्टन इन्द्रो टेकाम मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरूआत में महिला कैदियों के बीच इस विषय को लेकर थोड़ी असहजता और हिचकिचाहट देखी गई। लेकिन जब गाइड कैप्टन और जिला सचिव ने आत्मीयता से इस विषय को उनके व्यावहारिक जीवन से जोड़ा, तब महिलाएं खुलकर अपनी बात रखने लगीं। इसी क्रम में महिला कैदी पदमा ने पहली बार गोंडी भाषा में अपने प्रथम मासिक धर्म के अनुभव और उस समय की मानसिक स्थिति को साझा किया।

**जेल की महिला कैदियों को दी जानकारी**:- जिला संगठन आयुक्त ने जेल की महिला कैदियों को मासिक धर्म के दौरान बरती जाने वाली जरूरी सावधानियों और व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने के व्यावहारिक तौर-तरीके सिखाए। कार्यक्रम के समापन पर जिला प्रशिक्षण आयुक्त ने जेल में इस तरह के संवेदनशील और शिक्षाप्रद आयोजन की अनुमति देने के लिए जेल प्रशासन एवं जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया। इस अभियान में गिरधर रावटे, सुमित्रा कश्यप, पूनम गुप्ता, जयंती लोहाना का विशेष योगदान रहा।

### गोदाम में था ठेकेदार...

के इस लाट को राजनांदगांव के ठेकेदार रमेश पटेल ले लगभग छह माह पूर्व खरीदा था। इसके बाद उसने वन विभाग के सरगीपाल स्थित गोदाम को किराए पर लेकर तेंदूपत्ता को रखा था।

**समय रहते आग पर पाया गया काबू** :- जानकारी के मुताबिक वन विभाग के सरगीपाल स्थित गोदाम में चार लाट तेंदूपत्ता रखा था। समय रहते आग पर काबू पाया गया जिससे एक ही लाट में रखा तेंदूपत्ता जला। आग पर काबू नहीं पाए जाने पर अन्य तीन लाट में रखा तेंदूपत्ता भी जलकर खाक हो जाता। बताया जा रहा है कि गोदाम की क्षमता लगभग 15 हजार मानक बोरा तेंदूपत्ता रखने की है।

**संदिग्ध मजदूर को छोड़ा गया**:- आग लगने के बाद वन विभाग ने एक संदिग्ध को पुलिस के हवाले किया था। पूछताछ में पता लगा कि जिस मजदूर सुभाष को पकड़ा गया था वह गोदाम में ही अपने परिवार के साथ काम करता था। पूछताछ के बाद उसे छोड़ दिया गया। वन विभाग को उसके पास से माचिस मिला था लेकिन आगजनी में उसकी संलिप्तता नहीं पाई गई। इसके बाद उसे पूछताछ कर छोड़ दिया गया। अब पुलिस आग लगने के कारणों का पता लगा रही है। बोधघाट टीआई तामेश चौहान ने बताया कि उप प्रबंध संचालक की रिपोर्ट पर मामले की जांच की जा रही है।

### अवैध उत्खनन से...

रुपए प्रति टन में किया जा रहा है।

जानकारी के मुताबिक तस्करों ने इस बार नया तरीका अपनाया है। जिन खदानों की नीलामी हो चुकी है लेकिन जहां अभी आधिकारिक खनन शुरू नहीं हुआ है, वहां पहले से मौजूद लौह अयस्क को चोरी-छिपे निकाला जा रहा है। रिजर्व फॉरेस्ट और डिपॉजिट क्षेत्रों से अयस्क निकालकर निजी जमीनों पर अस्थायी डंपिंग यार्ड बनाए गए हैं जहां से रात के समय ट्रकों के जरिए माल बाहर भेजा जा रहा है।

**जंगलों से निकल रहे ट्रक**:- स्थानीय लोगों का कहना है कि कई दिनों से जंगल क्षेत्रों में भारी वाहनों की आवाजाही लगातार बढ़ी है। देर रात ट्रकों में लौह अयस्क भरकर रायपुर होते हुए महाराष्ट्र भेजा जा रहा है। बावजूद वन और खनिज विभाग की ओर से अब तक कोई कार्रवाई सामने नहीं आई है। इससे विभागीय निगरानी और कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

**जांच के दायरे में कई लोग**:- सूत्रों के मुताबिक मामले की जानकारी उच्च अधिकारियों तक पहुंच चुकी है। कुछ संदिग्ध डंपिंग यार्ड और परिवहन मार्गों की जांच की जा रही है। आने वाले दिनों में बड़े कारोबारियों, ट्रांसपोर्टरों और स्थानीय नेटवर्क पर कार्रवाई हो सकती है।

**निगरानी बढ़ाई गई** :- इस मामले में एसडीओ ने बताया अवैध उत्खनन और परिवहन की शिकायतें विभाग को मिली हैं। संबंधित क्षेत्रों की निगरानी बढ़ा दी गई है और संदिग्ध गतिविधियों की जांच कराई जा रही है। यदि किसी भी व्यक्ति या गिरोह की संलिप्तता पाई जाती है तो उनके खिलाफ वन अधिनियम और खनिज नियमों के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। लौह अयस्क तस्करी मामले में फाइल रेंज स्तर से एसडीओ कार्यालय आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### डीएलएड की प्रवेश...

होगी। परीक्षार्थियों को ढाई घंटे पहले पहुंचना अनिवार्य होगा। मेटल डिटेक्टर से सघन जांच की जाएगी। परीक्षा में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए सख्त ड्रेस कोड और नियमों का पालन किए जाने निर्देश जारी किए गए हैं। परीक्षा कक्ष में जूते-मोजे पहनकर प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा।

## खबर संक्षेप

### किसानों को टोकन व्यवस्था में उलझा रही सरकार



**घाटलोहंगा।** छत्तीसगढ़ में बढ़ते खाद संकट और सरकार की नई टोकन व्यवस्था को लेकर पूर्व जनपद पंचायत सदस्य बैद्यनाथ मोर्चे ने राज्य सरकार एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप पर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को राहत देने के बजाय टोकन, किस्त और सीमित वितरण की व्यवस्था लागू कर उन्हें परेशान किया जा रहा है। बैद्यनाथ मोर्चे ने कहा कि प्रदेश में खाद की भारी कमी को छिपाने के लिए सरकार किसानों को टोकन व्यवस्था में उलझा रही है। सहकारी समितियों में किसान सुबह से शाम तक लाइन में खड़े रहने को मजबूर हैं, इसके बावजूद पर्याप्त मात्रा में खाद नहीं मिल पा रही है। कई स्थानों पर किसानों को केवल एक-दो बोरी खाद देकर औपचारिकता पूरी की जा रही है। सरकार ने यूरिया को 80 प्रतिशत और डीएपी/एनपीके को 60 प्रतिशत तक सीमित कर दिया है, जो प्रदेश में खाद संकट की गंभीर स्थिति को दर्शाता है। यदि समय रहते पर्याप्त उर्वरक की व्यवस्था की जाती तो किसानों को इस प्रकार टोकन और किस्तों के सहारे खाद लेने की नौबत नहीं आती।

### उषा बनीं ग्रामीण महिलाओं के लिए प्रेरणा



**बीजापुर।** ग्राम मुरदोण्डा तहसील उसूर जिला बीजापुर की निवासी 38 वर्षीय उषा कुंजाम ने संघर्षों से भरे जीवन को मेहनत और आत्मविश्वास के दम पर सफलता की नई पहचान दी है। आज वे न केवल आत्मनिर्भर बनी हैं, बल्कि अपने क्षेत्र की महिलाओं और युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बन चुकी हैं। उन्होंने राइस मिल की स्थापना कर ग्रामीणों को बड़ी सुविधा उपलब्ध कराई है। पहले गांव के लोगों को धान से चावल निकलवाने के लिए दूरस्थ क्षेत्रों में जाना पड़ता था, जिससे समय और धन दोनों की परेशानी होती थी।

# 37 वर्षों तक निष्ठा और समर्पण के साथ सेवा देने वाली शिक्षिका का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गीदम

विकासखंड शिक्षा कार्यालय गीदम में आयोजित एक भावपूर्ण समारोह में शिक्षा विभाग को 37 वर्षों तक अपनी निष्ठा, लगन और समर्पण से सींचने वाली वरिष्ठ शिक्षिका गीता मृगा को सेवानिवृत्ति के पूर्व सम्मानित किया गया। वर्तमान में श्रीमती मृगा माध्यमिक शाला बोरपदर में प्रधान अध्यापिका के पद पर पदस्थ हैं। उन्होंने वर्ष 1989 में शिक्षा विभाग में अपनी सेवाओं की शुरुआत की थी और 31 मई 2026 को शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त होंगी। जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद ठाकुर के मार्गदर्शन में आयोजित इस सम्मान समारोह में विकासखंड शिक्षा अधिकारी भवानी पुनेम ने गीता मृगा को पेंशन भुगतान आदेश पीपीओ सौंपा।

■ निष्ठा, ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ दायित्वों का किया निर्वहन

साथ ही शिक्षा विभाग की परंपरा के अनुसार साल एवं श्रीफल भेंट कर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं शिक्षकों ने श्रीमती मृगा के लंबे शिक्षकीय जीवन को याद करते हुए उनके योगदान की सराहना की। वक्ताओं ने कहा कि श्रीमती मृगा ने अपने 37 वर्षों के सेवाकाल में न केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित शिक्षा दी, बल्कि हजारों विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण, अनुशासन और संस्कारों की नींव भी रखी। उन्होंने दुरस्थ बस्तर अंचल जैसे क्षेत्र में रहते हुए शिक्षा की अलख जगाई और कई पीढ़ियों का भविष्य संवारा। खंड शिक्षा अधिकारी भवानी पुनेम ने कहा कि गीता मृगा का पूरा सेवाकाल शिक्षा विभाग के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

उन्होंने विषम परिस्थितियों में भी कभी अपने कर्तव्य से समझौता नहीं किया। पूरी निष्ठा, ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ उन्होंने अपने दायित्वों का निर्वहन किया। उनका सरल व्यवहार, मृदुभाषिता और विद्यार्थियों के प्रति मातृत्व भाव आने वाली पीढ़ियों के लिए अनुकरणीय रहेगा। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनके स्वस्थ, सुखद एवं सम्मानजनक सेवानिवृत्त जीवन की कामना की। यह समारोह केवल एक शिक्षिका की विदाई नहीं, बल्कि शिक्षा विभाग में सेवानिवृत्त होने वाले हर उस कर्मचारी के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का प्रतीक बन गया, जिसने अपना जीवन आने वाली पीढ़ियों को गढ़ने में समर्पित कर दिया। इस दौरान खंड स्त्रोत समन्वयक जितेन्द्र चौहान, सभी संकुल समन्वयक, लिपिक वर्ग से अनीता नाग अन्य शिक्षकगण व कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित रहे।

**साल व श्रीफल भेंट कर दी गई विदाई**



## 33 करोड़ 77 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन

# शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की जिम्मेदारी निभाएं : गोयल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर





लोहण्डीगुड़ा विकासखंड के ग्राम पंचायत पारापुर में आज सुशासन तिहार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के 18 ग्राम पंचायतों के ग्रामीण उपस्थित हुए। कार्यक्रम में शासन की विभिन्न योजनाओं एवं जनकल्याणकारी कार्यों की जानकारी ग्रामीणों तक पहुंचाई गई तथा उनकी समस्याओं

■ पारापुर में सुशासन तिहार का आयोजन

का समाधान करने के उद्देश्य से सभी विभागों के अधिकारियों की सहभागिता सुनिश्चित की गई।

मुख्य अतिथि विधायक विनायक गोयल ने इन विकास कार्यों में सड़क, भवन, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं ग्रामीण अधोसंरचना से जुड़े 33 करोड़ 77 लाख के विकास कार्यों की सौगात दी। शासन की योजनाओं को सीधे आम जनता तक पहुंचाने और उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण करने का प्रयास किया गया। ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं एवं मांगें अधिकारियों के समक्ष रखीं, जिनमें से कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया। विधायक ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है तथा ग्रामीणों की समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ निराकरण किया जाना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा हितग्राहियों को सामग्री एवं प्रमाण पत्र वितरित किए गए। वन विभाग ने वन भूमि पट्टा, मत्स्य विभाग ने मछली पकड़ने का जाल, कृषि विभाग ने धान बीज एवं अन्य कृषि सामग्री, खाद्य विभाग ने राशन कार्ड तथा संबंधित विभागों ने सिंचाई पम्प एवं अन्य आवश्यक सामग्री हितग्राहियों को प्रदान की।

ग्रामीणों ने अपने अनुभव साझा करते बताया कि सुशासन तिहार जैसे आयोजनों से शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त हो रहा है। कई ग्रामीणों ने कहा कि पहले छोटी-छोटी समस्याओं के समाधान के लिए कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते थे, लेकिन अब प्रशासन गांव तक पहुंचकर समस्याओं का समाधान कर रहा है।

विधायक विनायक गोयल ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य शासन ग्रामीण विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं किसानों के हित में निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है, ताकि गांवों का समग्र विकास सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने ग्रामीणों से शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने एवं अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की अपील की।

**ये रहे उपस्थित**

कार्यक्रम में पूर्व विधायक लच्छुराम कश्यप, जिला पंचायत उपाध्यक्ष बलदेव मण्डावी, जिला पंचायत सदस्य चन्द्रभान कश्यप, जनपद अध्यक्ष पदमा कश्यप, उपाध्यक्ष बसंत कश्यप, मण्डल अध्यक्ष मंगतुराम कश्यप, पूर्व मण्डल अध्यक्ष नरसिंह ठाकुर, युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष शिवानंद पेगड़ , जनपद सदस्य तनुजा ठाकुर मण्डल उपाध्यक्ष नरेश खापडे, ओमप्रकाश ठाकुर, सुदन ठाकुर, बालसिंह ठाकुर, तुलाराम सेठिया, लखीधर सेठिया, महामंत्री लखन ठाकुर, सीताराम मण्डावी , सावेन्द्र सेठिया, कमलु करटाम, रूपाराम मुचाकी, तरुण पानीग्राही, तुलु राम कश्यप, मनीष पोयाम, कलम सिंह एवं सरपंच, पंच, सामाजिक कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# योजनाओं का लाभ लेने पहुंचे ग्रामीण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बस्तर

जिले के विकासखंड बस्तर अंतर्गत ग्रामीण अंचल खोरखोसा में बुधवार को सुशासन तिहार शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक

■ शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं का हुआ त्वरित निराकरण

पहुंचाने के उद्देश्य से अनेक ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया। इस दौरान शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने मौजूद होकर सक्रिय सहभागिता निभाई।

इस शिविर में ग्रामीणों द्वारा विभिन्न समस्याओं और मांगों को लेकर आवेदन पत्र दिए गए, जिन पर प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा त्वरित कार्रवाई शुरू की गई। अधिकारियों ने मौके पर ही कई आवेदनों का निराकरण किया और शेष आवेदनों के समयबद्ध निपटारे हेतु आश्वस्त किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष संतोष बघेल, जिला पंचायत सदस्य शकुंतला कश्यप, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीराम कश्यप सहित अन्य जनप्रतिधियों के साथ ही एसडीएम गगन शर्मा, सीईओ जनपद पंचायत भानुप्रताप चुरेंद्र तहसीलदार जॉली जेम्स तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। इस मौके पर जनप्रतिनिधियों ने शिविर को शासन-प्रशासन और जनता के बीच सीधे संवाद का सशक्त माध्यम बताया और ग्रामीणों से अपनी समस्याओं व मांगों के बारे में अवगत कराने का आग्रह किया।

इस शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा ग्रामीणों को जनहितकारी योजनाओं का सीधा लाभ दिया गया। जिसके तहत डिजिटल पट्टा वितरण, फौती नामांतरण, आयुष्मान कार्ड से लेकर कृषि, उद्यानिकी विभाग द्वारा किसानों को मदद और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी महिला स्व सहायता समूहों को सहायता प्रदान की गई।

## निधन

### शैलेश मिश्रा



**जगदलपुर।** हाईस्कूल रोड हाता ग्राउंड निवासी स्व. अवधेश नारायण मिश्रा के छोटे पुत्र शैलेश मिश्रा गुड्डा का आज सुबह 6 बजे आकस्मिक निधन हो गया। अंतिम यात्रा दोपहर बाद 3 बजे निकली। जिसमें समाज के लोग और शहरवासी शामिल थे। वे भरापूरा परिवार छोड़ गए।

# ग्रामीणों की समस्याओं का किया गया निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ घाटलोहंगा



जनजातीय गरिमा उत्सव के अंतर्गत बस्तर मुन्ने कार्यक्रम ग्राम पंचायत भवन घाटलोहंगा में किया गया। इस कार्यक्रम में जनजातीय लोगों के लिए शासकीय योजनाए संचालित हैं, उन सभी का क्रियान्वयन लिए समस्त विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे। साथ ही ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया गया। राजस्व संबंधी प्रकरणों का पटवारी ने समाधान किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया। साथ ही आंगनबाड़ी परिसर के पास पौधरोपण किया गया, जिसमें आम का पौधा रोपा गया। शासन द्वारा सबसे दूर, सबसे पहले इस वाक्य को लेकर आगे बढ़ते हुए मुख्य रूप से उपस्थित रहे जनभागीदारी समूह का नेतृत्व जनपद सदस्य गजेंद्र ठाकुर, सरपंच दिया भद्रे, पार्वती बघेल, मन्ना प्रसाद तिवारी, ईश्वरी मारकंडे, यशवंत तिवारी साथ ही आदि कर्मयोगी के रूप में ग्रामीणों के सहयोग के लिए उपस्थित रहे। ग्राम सचिव पदम नाथ कश्यप ,पटवारी भरत पटेल, संकुल प्राचार्य विजय दास एवं नोडल के रूप में मौजूद रहे। लिलेश कुमार देवांगन, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता मनीषा तिवारी, शक्ति तिवारी, लायमनी तिवारी, स्वास्थ्य विभाग से प्रेम, गोपिका, नेहा, क्रृषि विभाग से संतोष कश्यप ने कार्य किया।

# 150 ग्रामीणों की आंखों की हुई जांच, 40 को मिला चश्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बस्तर



बस्तर कलेक्टर के दिशा-निर्देश पर बस्तर ब्लॉक के ग्राम खोरखोसा में आयोजित सुशासन शिविर में स्वास्थ्य विभाग ने नेत्र परीक्षण शिविर लगाया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।

स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा शिविर में 150 ग्रामीणों का नेत्र परीक्षण किया गया। जांच के बाद जरूरतमंदों को मौके पर ही चश्मे का नंबर दिया गया। दृष्टि दोष से पीड़ित 40 ग्रामीणों को प्रेसबायोपिया के लिए चश्मा वितरित किया गया। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में उम्रदराज लोगों में प्रेसबायोपिया की समस्या आम है। सुशासन तिहार के माध्यम से अंतिम गांव तक पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाएं देने का प्रयास किया जा रहा है। इससे ग्रामीणों को समय और खर्च दोनों की बचत हो रही है।

इस दौरान बीएमओ डॉ. नारायण नाग, बीपीएम राजेंद्र बघेल, नेत्र सहायक अधिकारी तिलक नाग एवं देवकरण व्यास सहित स्वास्थ्य अमले की सक्रिय भूमिका रही।

शिविर में पहुंचे ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग की इस पहल की सराहना की और कहा कि गांव में ही जांच और चश्मा मिलने से उन्हें काफी राहत मिली है।

# सुशासन शिविर में 97 आवेदन प्राप्त कई मामलों का मौके पर निराकरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बस्तर

नगर पंचायत बस्तर के वार्ड क्रमांक 1,13, 14 एवं 15 के लिए वार्ड क्रमांक 14 में सुशासन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों से जुड़े 97 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों में प्रधानमंत्री आवास, आवासीय पट्टा, वन भूमि पट्टा, राशन कार्ड, पेयजल समस्या सहित अन्य मांग एवं शिकायतें शामिल रहीं।

**बचे आवेदन के लिए मिला समय**

बस्तर सीएमओ तरुण पाल लहरे ने बताया कि प्राप्त आवेदनों को मांग और समस्या के आधार पर वर्गीकृत किया गया। कई आवेदनों का मौके पर ही निराकरण कर दिया गया। शेष आवेदनों को संबंधित विभागों को समय-सीमा में निराकरण के लिए भेजा जा रहा है। शिविर में अधिकारियों ने नागरिकों को शासन की योजनाओं की जानकारी भी दी। नागरिकों ने एक ही स्थान पर कई विभागों की सुविधा मिलने पर प्रशासन की पहल की सराहना की।

42 से 45 डिग्री तापमान से लोग हो रहे परेशान

# दोपहर में घर से निकलना हो सकता है जानलेवा : पुजारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपालपट्नम



समूचा बीजापुर क्षेत्र नौतपा की भीषण तपिश से झुलस रहा है। सूरज की सीधी किरणों और लगातार बढ़ते तापमान ने आम जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। क्षेत्र में तापमान 42 से 45 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच चुका है, जिससे हीट वेव का खतरा लगातार बढ़ रहा है। तेज गर्म हवाओं और उमस के कारण लोग बीमार पड़ रहे हैं तथा हीट स्ट्रोक के मामले भी सामने आने लगे हैं। बढ़ते तापमान और स्वास्थ्य संबंधी खतरे को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने आम नागरिकों के लिए एडवायजरी जारी की है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी. आर .पुजारी ने लोगों से सावधानी बरतने की अपील करते कहा कि थोड़ी सी लापरवाही गंभीर बीमारी या जानलेवा स्थिति पैदा कर सकती है। उन्होंने बताया कि दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक धूप सबसे अधिक खतरनाक रहती है। ऐसे समय में आवश्यक होने पर ही घर से बाहर निकलें। यदि बाहर जाना जरूरी हो तो सिर में गमछा, टोपी या छाते से ढंककर ही निकलें। बिना सिर ढके तेज धूप में निकलना हीट स्ट्रोक का बड़ा कारण बन सकता है। स्वास्थ्य विभाग ने खान-पान को लेकर भी विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है। अधिक तला-भुना, मसालेदार भोजन, मांसाहार और मदिरा सेवन से बचने को कहा गया है। गर्मी के मौसम में हल्का एवं सुपाच्य भोजन लेने की सलाह दी गई है। आयुर्वेद विशेषज्ञों के अनुसार नौतपा के दौरान बैंगन का सेवन भी स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है। डॉ. पुजारी ने बताया कि शरीर में पानी की कमी सबसे बड़ा खतरा है। इसलिए बार-बार पानी, छाछ, नींबू पानी और ओआरएस का सेवन करते रहना चाहिए। खासतौर पर बच्चों और बुजुर्गों का इस मौसम में विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता है। उन्होंने लोगों को चेतावनी दी कि धूप में खड़ी बंद गाड़ियों में बच्चों को अकेला छोड़ना खतरनाक और जानलेवा साबित हो सकता है। स्वास्थ्य विभाग ने हीट स्ट्रोक के लक्षणों को नजरअंदाज न करने की भी सलाह दी है। यदि किसी व्यक्ति को तेज सिरदर्द, चक्कर आना, तेज बुखार, उल्टी, घबराहट या अत्यधिक कमजोरी महसूस हो तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

## 771 ग्रामीणों का हुआ यूनिवर्सल हेल्थ स्क्रीनिंग सर्वे

**बीजापुर।** दूरस्थ क्षेत्र ग्राम गमपुर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा यूनिवर्सल हेल्थ स्क्रीनिंग सर्वेक्षण का सफल आयोजन किया गया। उप स्वास्थ्य केंद्र डोडीतुमनार की स्वास्थ्य टीम ने कठिन भौगोलिक परिस्थितियों, दुर्गम रास्तों और सीमित संसाधनों के बावजूद गांव तक पहुंचकर कुल 771 ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच एवं स्क्रीनिंग की। स्वास्थ्य विभाग की इस विशेष पहल के दौरान ग्रामीणों की सामान्य स्वास्थ्य जांच के साथ मलेरिया, टीबी, एनीमिया, उच्च रक्तचाप तथा गर्भवती महिलाओं की विशेष स्क्रीनिंग की गई। सर्वेक्षण में 5 मलेरिया मरीजों की पहचान कर उनका तत्काल उपचार प्रारंभ किया गया। वहीं 2 संभावित टीबी मरीजों एवं 1 हाई रिस्क प्रेग्नेंसी एएनसी एचआरपी की पहचान कर आगे की जांच एवं उपचार हेतु उच्च स्वास्थ्य केंद्र रेफर किया गया। इसके अतिरिक्त जांच के दौरान 1 उच्च रक्तचाप (बीपी) तथा 2 एनीमिया मरीजों को चिन्हित कर आवश्यक स्वास्थ्य परामर्श एवं दवाएं उपलब्ध कराई गईं। स्वास्थ्य टीम द्वारा ग्रामीणों को साफ-सफाई, पोषण, नियमित जांच तथा संक्रामक बीमारियों से बचाव संबंधी जानकारी भी दी गई।

**शपथ पत्र**

मैं रामबती मरकाम पति स्व. समरथ उम्र 40 वर्ष निवासी पाटला तहसील फरसगांव जिला कोंडागांव छ.ग. शपथपूर्वक कथन करती हूं कि :-

1. यह कि मेरे पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र के अनुसार मेरा सही नाम ज्योत्सना मरकाम (JYOTSNA MARKAM) पिता समरथ मरकाम (SAMRATH MARKAM) अंकित है जो कि सही एवं सत्य है।
2. यह कि मेरे पुत्री के आधारकार्ड क्र. 2866 5795 3372 संचालित है जिसमें त्रुटिवश जोसना मरकाम (JOSNA MARKAM) अंकित है जो कि त्रुटिपूर्ण है ।
3. यह कि मेरी पुत्री का जन्म प्रमाण पत्र के अनुसार सही नाम ज्योत्सना मरकाम (JYOTSNA MARKAM) अंकित करवाना चाहती हूँ जो कि सत्य एवं सही है।
4. यह कि मेरे पुत्री का नाम ज्योत्सना मरकाम (JYOTSNA MARKAM) एवं जोसना मरकाम (JOSNA MARKAM) दोनो एक ही व्यक्ति का नाम है।
5. यह कि यह शपथ पत्र उपरोक्त वर्णित कथन के समर्थन में प्रस्तत कर रही हूं।

शपथकर्ता

**सत्यापन**

मैं रामबती मरकाम पति स्व. समरथ उम्र 40 वर्ष निवासी पाटला तहसील फरसगांव जिला कोंडागांव छ.ग. सत्यानिष्ठापूर्वक घोषित करती हूं कि शपथ पत्र की कंडिका क्र. 01 से 05 तक की दी गई जानकारी सही एवं सत्य है आज दिनांक 21.05.2026 को स्थान फरसगांव में हस्ताक्षर की हूं।

सत्यापनकर्ता

**सूचना**

भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण, छत्तीसगढ़ द्वारा जारी पत्रांक संख्या OL/TOR/STONE/RAIPUR/3167B एवं पर्यावरणीय स्वीकृति पहचान संख्या EC25B0000CG5310784N दिनांक 25 मई 2026 को मेसर्स जायसवाल निको इण्डस्ट्रीज लिमिटेड के क्षमता विस्तार के तहत ग्राम छोटेडोंगर, तहसील व जिला नारायणपुर, छत्तीसगढ़ पर स्थित आयरन ओर माईन (क्रशिंग, स्क्रीनिंग) क्षमता 2.95 मिलियन टन प्रति वर्ष से 6.00 मिलियन टन प्रति वर्ष तथा 02 मिलियन टन प्रति वर्ष क्षमता का आयरन ओर बेनिफिकेशन संयंत्र हेतु खनन पट्टा क्षेत्रफल 192.25 हेक्टेयर भूमि पर पर्यावरण स्वीकृति प्रदान की गई है। इस पर्यावरण स्वीकृति की विस्तृत जानकारी हेतु छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल के कार्यालय तथा भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली की बेबसाईट https://parivesh.nic.in में भी देख सकते हैं ।

मेसर्स जायसवाल निको इण्डस्ट्रीज लिमिटेड



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### बस स्टैंड के शौचालय में अवैध वसूली पर नपं सख्त

**गीदम।** नगर पंचायत गीदम के बस स्टैंड स्थित सार्वजनिक शौचालय में आम लोगों से यूरिन, बाथरूम के लिए 5 रुपये का अवैध शुल्क वसूला जा रहा था। शिकायत मिलने पर नगर पंचायत ने तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी किया है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी हुलसी प्रधान ने बताया कि सार्वजनिक शौचालय में यूरिन के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जा सकता। ठेकेदार को अंतिम बार समझाइश देते हुए अवैध वसूली तुरंत बंद करने के निर्देश दिए गए हैं। नोटिस में स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि यदि भविष्य में किसी भी यात्री से बाथरूम के लिए पैसे वसूलते पाया गया तो नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही ठेका तत्काल निरस्त कर दिया जाएगा। नगर पंचायत ने यात्रियों से अपील की है कि शौचालय में यूरिन के लिए अवैध वसूली की शिकायत मिलने पर तुरंत कार्यालय को सूचित करें।

### लालबाग मैदान में योग शिविर का शंखनाद

**जगदलपुर।** पतंजलि योग समिति जगदलपुर और बस्तर पुलिस के विशेष सहयोग से संचालित लालबाग फिजिकल फिटनेस अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में पांच दिवसीय विश्व योग दिवस प्रोटोकॉल शिविर लालबाग मैदान में सुबह 28 मई से सीएसपी सुमित धोत्रे एवं डीएसपी बस्तर दीपमाला कुर्रे द्वारा मां भारती के समक्ष मंत्रों और पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रज्जवलन कर किया गया। सीएसपी ने कहा कि आज पूरा विश्व भारत के इस योग परंपरा को अपना कर अपनी तन-मन के रोगों को ठीक कर रहा है, इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और स्वामी रामदेव का सबसे बड़ा योगदान है। डीएसपी ने महिला साधकों को विशेष रूप से कहा कि योग से आप दिनभर सक्रिय रहेंगी साथ महिलाओं में होने वाले सभी रोगों से बचेंगे, पतंजलि योग परिवार द्वारा यह अनुकरणीय पहल है, अपने पुलिस के सभी अधिकारी और जवान और उनके परिजनों को इसमें सम्मिलित करेंगे। लालबाग के सलामी मंच से योग का संचालन छत्तीसगढ़ प्रभारी पतंजलि योग समिति डॉ. मनोज पानीग्राही, पतंजलि बस्तर जिला प्रभारी मनोज चंद्रा, पतंजलि उपाध्यक्ष फूलसिंग साहू, पतंजलि सचिव रवींद्र हेमनानी, कार्यकारिणी सदस्य गणेश दहिया व ऑनलाइन सत्र का संचालन वैभव यादव ने किया।

### शहीद गुंडाधुर सेवा डेरा नेतानार पहुंची अहमदाबाद की टीम

# बस्तर के हुनर और उत्पाद को मिला राष्ट्रीय मंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बस्तर की ग्रामीण महिलाओं की आत्मनिर्भरता और पारंपरिक कौशलों सहित स्थानीय उत्पाद को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने की दिशा में कदम उठाया गया है। अहमदाबाद के प्रतिष्ठित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन के प्रतिनिधिमंडल ने जिसमें महिला एवं पुरुष विशेषज्ञ शामिल थे, बस्तर जिले के नेतानार गांव स्थित शहीद गुंडाधुर सेवा डेरा का भ्रमण किया। इसका उद्देश्य स्थानीय स्तर पर ग्रामीण महिलाओं द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न आजीविका गतिविधियों को समझना, उन्हें आधुनिक डिजाइन से जोड़ना और उनके लिए बेहतर मार्केट लिंकेज की संभावनाएं तलाशना था। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत प्रतीक जैन सहित वन, कृषि एवं सम्बद्ध विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

■ मार्केट लिंकेज और आधुनिक पैकेजिंग से बढ़ेगी बस्तर की ग्रामीण महिलाओं की आय

प्रतिनिधिमंडल ने केंद्र में चल रहे सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का जायजा लिया। वहां काम कर रही दीदियों ने बताया कि वर्तमान में इस पूरे क्षेत्र के दस किलोमीटर के दायरे में कोई दूसरा सिलाई केंद्र उपलब्ध नहीं है, जिसके कारण यहां कपड़ों की मांग रहती है। इसी मांग को देखते हुए प्रशिक्षण पूरा होने के बाद अपने-अपने घरों के पास खुद का 'बुटीक' खोलने की योजना बना रही हैं। एनआईडी की टीम ने महिलाओं के इस हौसले को सराहा और उनसे चर्चा करते हुए उनके काम को अधिक शानदार बनाने तथा नए बाजारों से जुड़ने के रचनात्मक तरीके साझा किए।



### केंद्र में ही सभी सुविधाएं

यहां बैंकिंग सेवाओं, पैसे जमा करने व निकालने, बीमा कार्यों और नागरिक कार्ड बनवाने जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए अब नानगुर जाने की जरूरत नहीं पड़ती है। सप्ताह में तीन दिन संचालित होने वाले इस केंद्र से ग्रामीणों की समय और पैसे की बचत हो रही है।

### ढेकी चावल और इमली प्रोसेसिंग यूनिट का निरीक्षण

विशेषज्ञों की टीम ने पारंपरिक ढेकी चावल और इमली प्रोसेसिंग यूनिट का निरीक्षण किया। इस पारंपरिक ढेकी को, जो समय के साथ लगभग बंद हो चुकी थी, महिलाओं द्वारा पुनर्जीवित कर दोबारा काम शुरू करने के प्रयास की टीम ने सराहना की। दीदियों ने बताया कि वे इसके माध्यम से तैयार उत्पादों को बाजारों में ले जाकर बेचती हैं और आगे जहां से भी मांग आएगी, वे वहां आपूर्ति करेंगी। इसके साथ ही इमली यूनिट में महिलाओं ने मशीनों के माध्यम से इमली के बीज और नसें अलग कर साफ-सफाई के साथ इमली चपाती बनाने, उसकी ब्रांडिंग करने और आकर्षक पैकेजिंग करने की पूरी कार्यप्रणाली को टीम ने देखा और इसे ग्रामीण स्तर पर एक बेहतरीन पहल बताया।

# कर्मचारियों पर महंगाई की मार, भेदभाव बंद कर केंद्र के समान डीए दे सरकार




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ जिला बस्तर के तत्वावधान में आगामी 3 जून को जिला मुख्यालय में एक विशाल प्रदर्शन और ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया है। संघ ने सरकार पर कर्मचारियों के साथ दोहरा रवैया अपनाने और गंभीर भेदभाव करने का आरोप लगाया है। कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने संयुक्त बयान जारी करते हुए कहा कि राज्य सरकार लगातार कर्मचारियों के हितों की अनदेखी कर रही है। बिजली विभाग और न्यायिक विभाग के बाद अब सरकार ने आईएएस, आईपीएस और आईएफएस अधिकारियों का 2 प्रतिशत महंगाई भत्ता बढ़ा दिया है, जबकि प्रदेश के करीब 4.50 लाख शासकीय कर्मचारी पिछले लंबे समय से अपने हक के लिए तरस रहे हैं। सरकार के इस पक्षपातपूर्ण रवैये से प्रदेश के साढ़े चार लाख कर्मचारियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। संघ की स्पष्ट मांग है कि राज्य के कर्मचारियों के साथ किया जा रहा यह भेदभाव तुरंत बंद होना चाहिए। छत्तीसगढ़ के तृतीय वर्ग और अन्य संवर्ग के कर्मचारियों को भी केंद्र सरकार के कर्मचारियों के समान और समान तिथि से महंगाई भत्ता दिया जाए।

■ बस्तर जिला मुख्यालय में होगा विशाल प्रदर्शन, सौंपा जाएगा ज्ञापन

3 जून को होने वाले जिला स्तरीय प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए संघ ने पूरी ताकत झोंक दी है। संगठन के शीर्ष नेतृत्व प्रदेश महामंत्री गजेन्द्र श्रीवास्तव, संभाग अध्यक्ष अतुल शुक्ला एवं जिला अध्यक्ष संजय चौहान ने बस्तर जिले के सभी विभागों के तृतीय वर्ग कर्मचारियों, शिक्षकों और संविदा कर्मियों से अपील की कि वे इस आंदोलन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें।

# सीमावर्ती राज्य की 662 वाहनों पर 15.63 लाख जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



परिवहन विभाग ने अंतर्राज्यीय सीमा पर सघन चेकिंग अभियान चलाकर सीमावर्ती राज्यों से आने वाले 662 वाहन नियमों का उल्लंघन करते मिले। ऐसे वाहनों पर 15 लाख 63 हजार 500 रूपए का जुर्माना किया गया। इस कार्रवाई में अवैध संचालन, कर चोरी और परमिट नियमों के उल्लंघन के मामलों में भारी जुर्माना वसूला गया। यह अभियान सड़क सुरक्षा और नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए बस्तर जिले के सीमावर्ती राज्य के धनपूंजी स्थित बेरियर में चलाया गया। मुख्य रूप से सीमावर्ती राज्यों (आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, उड़ीसा, महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश) से आने वाले यात्री वाहन, माल वाहक और निजी वाहन शामिल है।

■ बेरियर से जाने-आने वाले वाहनों की हो रही जांच

### अभियान निरंतर जारी

परिवहन विभाग के धनपूंजी स्थित चेक पोस्ट के प्रभारी एवं निरीक्षक जीवराखन लाल दीवान ने बताया कि वाहनों के विरूद्ध अभियान निरंतर जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# ईद-उल-अजहा पर कांग्रेस ने मुस्लिम समाज के लोगों को दी मुबारकबाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के नेतृत्व में पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने बकरीद के मौके पर मुस्लिम समाज के सदस्यों को सुबह विशेष नमाज अदा किए जाने के पश्चात ईदगाह में गले मिलकर मुबारकबाद दी। मौर्य ने कहा ईद-उल-अजहा का यह पर्व आपसी भाईचारे व सौहार्दपूर्ण वातावरण का प्रतीक है। यह त्यौहार हमें हजरत इब्राहिम के त्याग और ईश्वर के प्रति उनके अटूट समर्पण की याद दिलाता है। देश की सबसे बड़ी खूबसूरती यहां की गंगा-जमुनी तहजीब है, जहां हम सभी धर्मों के लोग एक-दूसरे के त्योहारों की खुशियों में शामिल होते हैं। उन्होंने अमन-चैन, तरक्की और खुशहाली की दुआ की। इस मौके पर विक्रम सिंह डांगी,



जाहिद हुसैन, जीशान कुरैशी, शादाब अहमद, मकसूद रजा, मोहसिन खान, आकिब रजा, बाबा खान, अयाज खान, समीर मौजूद रहे।

# लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति करें : मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित जगदलपुर के उपाध्यक्ष श्रीनिवास मिश्रा के गुरूवार को दंतेवाड़ा जिले के प्रवास के दौरान बैंक शाखा के नोडल अधिकारियों, शाखा प्रबंधकों एवं समिति प्रबंधकों ने विश्रामगृह में उनका आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने बैंक से संचालित समस्त योजनाओं की विस्तारपूर्वक समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने किसानों एवं हितग्राहियों को योजनाओं का समयबद्ध लाभ पहुंचाने पर विशेष जोर दिया।

बैठक में धान उठाव सहित विभिन्न प्रशासनिक एवं बैंकिंग समस्याओं पर भी चर्चा हुई। इस दौरान उपाध्यक्ष ने समस्याओं के निराकरण हेतु उचित पहल किए जाने का आश्वासन दिया।



■ दंतेवाड़ा जिले के बैंक शाखा के नोडल अधिकारियों, शाखा प्रबंधकों एवं समिति प्रबंधकों को दिए निर्देश

इस दौरान जिले के नोडल अधिकारी सूरज सिंह श्रीनेत, भोपालपटनम के शाखा प्रबंधक दिलीप पटेल, प्रधान कार्यालय से अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के निज सहायक मनोज सिंह सहित बैंक एवं समिति के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।







### पतंजलि ने रूपनारायण को दी श्रद्धांजलि



**जगदलपुर।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक के वरिष्ठ प्रचारक व छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिंह का आकस्मिक निधन हो गया। उनका संपूर्ण जीवन योग, संस्कृति, समाज सेवा एवं जनकल्याण के कार्यों के लिए समर्पित रहा। योग के प्रचार-प्रसार, योगासन खेलों के विकास तथा युवाओं को स्वस्थ एवं संस्कारित जीवन की प्रेरणा देने में अमूल्य योगदान दिया। पतंजलि योग परिवार छत्तीसगढ़ द्वारा सह योग शिक्षक प्रशिक्षण सत्र के दौरान मौन रख भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके पतंजलि योग परिवार में सहयोग और योगदान को याद करते हुए सामूहिक रूप से ईश्वर से प्रार्थना किया।




# लौह अयस्क की तस्करी प्रशासनिक विफलता : नवनीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के मुख्य संयोजक एवं जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के बस्तर संभाग अध्यक्ष नवनीत चांद ने जारी बयान में कहा है कि बैलाडीला क्षेत्र के अलावा मिरतुर, पंडेवार तथा गंगालूर इलाके में अवैध लौह अयस्क उत्खनन एवं भंडारण संगठित तस्करी नेटवर्क से होना अनुचित है। यह मामला केवल अवैध खनिज परिवहन का नहीं, बल्कि यहां की प्राकृतिक संपदा की सुनियोजित लूट, करोड़ों का राजस्व नुकसान, विभागीय मिलीभगत और प्रशासनिक विफलता का संकेत है।

उन्होंने कहा कि संबंधित वन, खनिज, राजस्व, पुलिस, परिवहन एवं रेलवे विभाग की भूमिका शक के दायरे में है।



■ कमिश्नर को ज्ञापन देकर उच्चस्तरीय जांच की मांग करेगा मुक्ति मोर्चा

इस संबंध में संभाग आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच की मांग की जाएगी। यदि 15 दिवस के भीतर ठोस कार्रवाई प्रारंभ नहीं की गई तो जनता के साथ जनआंदोलन किया जाएगा।

